महिलाएं दे रहीं बेहतर योगदान

संवाद सूत्र, चांदीनगर : खैला के तेजस इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सेंटर में मानवाधिकार दिवस पर महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी हुई। इसमें विभिन्न क्षेत्र में नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में अन्तरराष्ट्रीय शूटर प्रकाशी तोमर, कारपोरेट सेक्टर से निरूपमा श्रीवास्तव, शूटर डाली जाटव, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी में इतिहास में गोल्ड मेडल जीतने वाली वनस्वर्णिमा धामा, कुश्ती में देश को पदक गोल्ड मेडल दिलाने वाली बबीता नागर, यूपी कबड्डी टीम की कप्तान सुनीता नागर को

खैला के तेजस कालेज के हुए कार्यक्रम में शामिल महिलाओं के साथ अतिथि • जागरण

शील्ड व शाल ओढ़कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक सतर्कता डा. एसएन साबत ने महिलाओं के योगदान के बारे में बताया। वहीं छात्राओं को हर क्षेत्र में योगदान देने की बात कही। कालेज एएसपी मनीष मिश्रा, सीओ विजय चौधरी, चेयरमैन डा. केएस तोमर, कालेज प्रबंधक विपिन कुमार, ओमबीर सिंह, पूर्व प्रमुख लीलू पहलवान, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, प्रेमराज भाटी, विनोद, देवेंद्र त्यागी आदि मौजूद रहे।